राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने ‘बुद्ध पूर्णिमा’ के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई व शुभकामनाएँ दी

पटना, 25 मई 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने ‘बुद्ध पूर्णिमा’ के अवसर पर भगवान बुद्ध को सादर नमन निवेदित करते हुए बिहारवासियों, देशवासियों तथा पूरी दुनिया के समस्त बौद्ध धर्मावलम्बियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने कहा है कि ‘बैशाखी पूर्णिमा’ के दिन ही भगवान बुद्ध का जन्म एवं उन्हें ज्ञान तथा महापरिनिर्वाण की प्राप्ति हुई थी और इस उपलक्ष्य में इस तिथि को ‘बुद्ध पूर्णिमा’ के रूप में मनाया जाता है।

राज्यपाल ने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश सत्य, प्रेम, मैत्री, करूणा, शांति आदि के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि उनकी शिक्षाओं और उपदेशों को आत्मसात कर हमें अपना आध्यात्मिक प्रशस्त करना चाहिए ताकि उनके द्वारा बताये गये जीवनादर्शों पर चलने की यथेष्ट क्षमता हम प्राप्त कर सकें।

राज्यपाल ने कोरोना के संक्रमण से बचाव हेतु निर्धारित प्रोटोकॉल तथा लॉकडाउन के नियमों का पालन करने की अपील की है।

....